2219

पत्रांक:डीजी–दो–ब–51/2018–19

एच0आर0 शर्मा,
आई0पी0एस0

अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन
मुख्यालय पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0,लखनऊ

दिनांक:लखनऊ: मई 29, 2019

प्रिय महोदय,

विगत वर्षो में यह अनुभव किया गया है कि कतिपय पी0पी0एस0 अधिकारीगण अपनी वार्षिक स्वमूल्यांकन आख्या समय पर नही प्रेषित करते हैं। इस कारण पदोन्नति,ए0सी0पी0 का लाभ एंव अलंकरण आदि प्रशासनिक कार्यो में कठिनाई होती है। आपके अधीनस्थ नियुक्त पी0पी0एस0 अधिकारियों की प्रचलित वार्षिक स्वमूल्यांकन आख्या पूर्ण किये जाने हेतु निम्नलिखित समय–सीमा निर्धारित की जाती है:–

(1) समस्त पी0पी0एस0 अधिकारी वित्तीय वर्ष–2018–19 (01–04–2018 से 31–03–2019) तक की अपनी–अपनी वार्षिक स्वमूल्यांकन आख्या प्रत्येक दशा मे 15–4–2019 तक अपने प्रतिवेदक अधिकारी को प्रेषित करें।

(2) समस्त प्रतिवेदक अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि इन स्वमूल्यांकन आख्याओं में अपना गोपनीय मन्तव्य प्रतिवेदक अधिकारी के रूप में अंकित कर दिनांक: 30–04–2019 तक समीक्षक अधिकारी को प्रेषित करते हुये इसकी सूचना मुख्यालय पुलिस महानिदेशक,उ0प्र0,को भी प्रदान करें।

(3) समीक्षक अधिकारीगणों से अपेक्षा की जाती है कि दिनांक: 15–05–2019 तक अपना गोपनीय मन्तव्य समीक्षक अधिकारी के रूप में अंकित कर वार्षिक स्वमूल्यांकन आख्या को स्वीकर्ता अधिकारी को प्रेषित करें तथा इसकी सूचना मुख्यालय पुलिस महानिदेशक,उ0प्र0,को भी उपलब्ध करायें।

(4) स्वीकर्ता अधिकारियों से अनुरोध है कि कृपया दिनांक:31–05–2019 तक इन स्वमूल्यांकन आख्याओं पर अपना गोपनीय मन्तव्य स्वीकर्ता अधिकारी के रूप में अंकित कर इस मुख्यालय को उपलब्ध करायें।

29/5

(एच0आर0 शर्मा)
अपर पुलिस महानिदेशक(प्रशासन)
उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

समस्त अपर पुलिस महानिदेशक,जोन एंव पुलिस महानिरीक्षक,परिक्षेत्र, (नाम से)
उत्तर प्रदेश।

1– पुलिस महानिदेशक,प्रशिक्षण निदेशालय/अभिसूचना मुख्यालय/आर्थिक अपराध संगठन/सीबीसीआईडी उ0प्र0,लखनऊ।

2– अपर पुलिस महानिदेशक,एस0आई0टी0/ए0सी0ओ0/सुरक्षा/यातायात/विशेष जॉच/उ0प्र0पावर कारपोरेशन लिमिटेड/डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद/पी0टी0सी0/मुरादाबाद/सीतापुर/पी0टी0एस0 गोरखपुर/उन्नाव/पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद/पीएसी/तकनीकी सेवायें/सहकारिता/ए0टी0एस0/एस0टी0एफ0/खाद्य प्रकोष्ट/फायर सर्विस/उ0प्र0पुलिस भर्ती एंव प्रोन्नाति बोर्ड/रेलवे/मानवाधिकार/सुरक्षा शाखा/डायल–100,उ0प्र0,लखनऊ।

3– सचिव लोकायुक्त,मुख्यालय,लखनऊ।

4– प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र,जवाहर भवन, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त पत्र को पुलिस की वेबसाइड पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।